भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर (2021-22)

कक्षा-दसवीं (२०२१-२२)	विभाग: हिंदी विषय: व्याकरण (मुहावरे और उनका वाक्य-प्रयोग)	Date –
(MCQ)		Note: Please file in portfolio

नाम: ________________________ अनुभाग: _____ अनुक्रमांक: _____ दिनांक: __________

मुहावरे और उनके वाक्य-प्रयोग पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

1. इंसान पढ़-लिखकर ही अपने ______________ है। उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:

(क) अंधों में काना राजा (ख) एक पंथ दो काज

(ग) अपना हाथ जगन्नाथ (घ) पैरों पर खड़ा होना

2. सच्चे देशभक्त देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की ______________________________ हैं।
रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए:

(क) बाज़ी लगा देते हैं। (ख) जान लगा देते हैं।

(ग) ताक़त लगा देते हैं। (घ) आहुति लगा देते हैं।

3. ग़रीब माता-पिता अपना ____________ कर बच्चों को पढ़ाते हैं और वे उनकी चिंता भी नहीं करते।
रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए:

(क) गला काट (ख) पेट काट (ग) ख़ून बहा (घ) मन लगा

4. ज्ञानी रावण की ____________________ पड़ गया था कि उसने माता सीता का अपहरण किया।
उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:

(क) अंधों में काना राजा (ख) एक पंथ दो काज

(ग) अक्ल पर पत्थर (घ) पैरों पर खड़ा होना

5. बड़े भाई ने छोटे भाई को ऐसी चुभती बात कही कि वह _______________________________।
रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए:

(क) गला काट लेना (ख) शर्मिंदा होना

(ग) ख़ून बहाना (घ) अपना सा मुँह लेकर रह जाना

6. अपनी बहन की शादी पर दिन भर अतिथियों के स्वागत में लगे रहने से मेरा _______ रहा है।
उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:

(क) अंग-अंग ढीला होना (ख) शरीर थक जाना

(ग) अपना हाथ जगन्नाथ (घ) पैरों पर खड़ा होना

7. रामू ने केवल आठवीं कक्षा पास की है, फिर भी उसकी सरकारी नौकरी लग गई। इसी को कहते हैं – ____________________________ । उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:

(क) धोखा हो जाना (ख) बाज़ी लगा देना

(ग) अंधे के हाथ बटेर लगना (घ) आग बबूला हो जाना

8. दुबई में बनी नई इमारतें ____________ हैं। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए:

(क) हवा से बातें करना (ख) आसमान से बातें करना

(ग) आग बबूला होना (घ) चाँद पर पहुँचना

9. राघव तो जुआरियों के पास केवल खड़ा हुआ था, पुलिस उसे भी पकड़ कर ले गई। इसे कहते हैं – _________________________________ । उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:

(क) अंधों में काना राजा (ख) आटे के साथ घुन पीसना

(ग) अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारना (घ) अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना

10. राजू गणित में तो मेहनत कर के पास हो गया, परंतु विज्ञान में उसकी कंपार्टमेंट आ गई। इसी को कहते हैं – __________________________ । उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:

(क) आसमान से गिरा, खजूर में अटका (ख) आटे-दाल का भाव मालूम होना

(ग) पाँव ज़मीन पर न पड़ना (घ) ख़ुशी का ठिकाना न रहना

11. रामू की झूठ बोलने की आदत ने उसके परिवार की ______________________________ है। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए:

(क) घाव पर नमक छिड़कना (ख) पापड़ बेलना

(ग) इज़्ज़त मिट्टी में मिला देना (घ) आड़े हाथों लेना

12. तुम्हें देखे हुए कितना लंबा समय बीत गया है, तुम तो _______________________ गए हो। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए:

(क) ईद का चाँद होना (ख) आसमान सिर पर उठा लेना

(ग) घर से बाहर न निकलना (घ) ईद का सूरज होना

13. शहर की पढ़ी-लिखी चालाक स्त्री अपने देहाती पति को अपनी ______________________ है। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:

(क) उँगलियों पर खिसकाना (ख) घड़ों पानी पड़ना

(ग) आसमान सिर पर उठा लेना (घ) उँगलियों पर नचाना

14.अध्यापक विद्यालय में सब बच्चों को _______ हैं। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए:

(क) एक हाथ पर रखना (ख) एक आँख से देखना

(ग) दोनों आँखों से देखना (घ) एक आँख फोड़ना

15. विद्यार्थी को केवल ____________________ नहीं होना चाहिए, बल्कि स्वस्थ शरीर और उन्नत मस्तिष्क वाला होनहार युवक होना चाहिए। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:

(क) एक अनार सौ बीमार (ख) अंधे की लाठी (ग) किताबी कीड़ा (घ) चिकना घड़ा

{उत्तर-1. (घ) पैरों पर खड़ा होना 2. (क) बाज़ी लगा देते हैं। 3. (ख) पेट काट
4. (ग) अक्ल पर पत्थर 5. (घ) अपना सा मुँह लेकर रह जाना 6. (क) अंग-अंग ढीला होना
7. (ग) अंधे के हाथ बटेर लगना 8. (ख) आसमान से बातें करना
9. (ख) आटे के साथ घुन पीसना 10. (क) आसमान से गिरा, खजूर में अटका
11. (ग) इज़्ज़त मिट्टी में मिला देना 12. (क) ईद का चाँद होना 13. (घ) उँगलियों पर नचाना
14. (ख) एक आँख से देखना 15. (ग) किताबी कीड़ा }